एसआरएम हास्पिटल को दिया मोबाइल क्लिनिक

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

चेन्नई. क्विक हील फाउंडेशन ने एसआरएम हास्पिटल चेन्नई को आरोग्य यान- एक मोबाइल क्लिनिक दिया है। इसकी योजना आस पास के गांवों के 60,000 जरूरतमंद लोगों की चिकित्सकीय आवश्यकताओं को पूरा करना है। यह मेडिकल वैन हास्पिटल के मार्गदर्शन में काम करेगा। इसके जरिए नियमित जांच एवं इलाज के साथ साथ दूर दराज से रोगियों को लाया जा सकेगा। फाउंडेशन ने पुदिय तलैमुरै फाउंडेशन के साथ मिलकर ग्रामीण इलाकों में चिकित्सा शिविर लगाने की योजना बनाई है। इस मौके पर फाउंडेशन की चेयरपर्सन अनुपमाकटकर, क्विक हील टेक्नालाजीज के एमडी डा.कैलाश कटकर, हास्पिटल के डा.एम.लोगराज तथा पीटी फाउंडेशन के डी.वी.वेंकटगिरि उपस्थित थे।